## आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 30.01.2025 समय : 1905

- **संसद का बजट सत्र कल से शुरू – राष्ट्रपति के अभिभाषण के बाद आर्थिक सर्वेक्षण पेश किया जाएगा।**
- **राष्ट्र आज महात्मा गांधी की सतहत्तरवीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित कर रहा है।**
- **श्री विजयपुरम के स्वास्थ्य विभाग की ओर से लेप्रोसी पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन।**
- **श्री विजयपुरम में पर्यटकों की सुविधा हेतु ध्वनि और प्रकाश कार्यक्रम के लिए टिकट बुकिंग प्रक्रिया में अपडेट की घोषणा ।**

<><><><><><>

संसद का बजट सत्र कल से शुरू हो रहा है। इसके चलते आज सर्वदलीय बैठक बुलाई गई। संसद भवन परिसर में आयोजित इस बैठक के दौरान सरकार ने सत्र के सुचारू संचालन के लिए सभी राजनीतिक दलों से सहयोग की अपील की। बैठक के बाद मीडिया से बातचीत में संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने बताया कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू बजट सत्र के पहले दिन कल संसद के दोनों सदनों को संयुक्त रूप से संबोधित करेंगी। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति के अभिभाषण के बाद आर्थिक सर्वेक्षण पेश किया जाएगा। संसदीय कार्य मंत्री ने कहा कि शनिवार को केंद्रीय बजट पेश किया जाएगा। अंडमान चैम्बर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष डॉ. के. चन्द्रशेखर ने आगामी बजट पर कहा कि इस बजट से द्वीपसमूह के स्वास्थ्य, शिक्षा, पर्यटन और मत्स्य क्षेत्रों में बढ़ोत्तरी होने की उम्मीद है।

<><><><><><>

राष्ट्र आज महात्मा गांधी की सतहत्तरवीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित कर रहा है। इस अवसर पर आज सुबह नई दिल्ली में गांधी समाधि, राजघाट पर सर्वधर्म प्रार्थना का आयोजन किया गया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने महात्मा गांधी की समाधि पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह, मनोहर लाल, तीनों सेनाओं के प्रमुख और प्रमुख रक्षा अध्यक्ष भी मौजूद थे। पूरे देश भर में राष्ट्रपिता के सम्मान में दो मिनट का मौन रखा गया और उनके बलिदान और सामाजिक न्याय के लिए उनके आजीवन संघर्ष को याद किया गया। हर साल तीस जनवरी को राष्ट्र महात्मा गांधी की जीवनी व विरासत को स्वतंत्रता संग्राम के मार्गदर्शक के रूप में याद करता है। इस दिन को शहीद दिवस के रूप में भी मनाया जाता है। अंडमान निकोबार प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने भी पार्टी कार्यालय में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित की।

<><><><><><>

इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि भारत आने वाले महीनों में अपना मूलभूत मॉडल तैयार करेगा। सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री ने नई दिल्ली में आज मीडिया को बताया कि भारत का मूलभूत मॉडल विश्व के श्रेष्ठ मॉडल की बराबरी वाला होगा। उन्होंने कहा कि भारत का अपना एआई मॉडल विकसित करने संबंधी प्रस्तावों की एक रूपरेखा तैयार की गई है। अश्विनी वैष्णव ने कहा कि देश में अब स्वदेशी ए आई मिशन को समर्थन देने के लिए पन्द्रह हजार हाई–एंड जीपीयू उपलब्ध हैं। डीपसीक की प्राईवेसी से संबंधित चिंताओं को लेकर उन्होंने बताया कि इससे संबंधित जानकारी भारतीय सर्वर पर बहुत जल्द उपलब्ध होगी।

<><><><><><>

स्वास्थ्य विभाग की ओर से लेप्रोसी यानी कुष्ठ रोग के बारे में जागरूकता अभियान का आज स्वास्थ्य निदेशक डॉ. एच. एम सिद्दा राजू ने उद्घाटन किया। कार्यक्रम का आयोजन अनिम्स के लेक्चर हॉल में हुआ। स्वास्थ्य विभाग के उप–निदेशक कुष्ठ रोग डॉ. आर.बी अजित कुमार ने आकाशवाणी को बताया कि कुष्ठ रोग के बारे में जन–चेतना विकसित करने के लिए यह अभियान सभी स्थानों पर चलाया जाएगा।

<><><><><><>

नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग ने विदेशी नागरिकता या ओवरसीज़ सिटीजन ऑफ इंडिया कार्ड प्राप्त कर चुके सदस्यों के परिवारों से उनके नाम राशन कार्ड से हटवाने का अनुरोध किया है। ऐसा न करने पर पीडीएस नियंत्रण आदेश, दो हजार पन्द्रह के प्रावधानों के अनुसार बिना किसी सूचना के कार्ड धारकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

<><><><><><>

अंडमान निकोबार द्वीपसमूह में आने वाले पर्यटकों की सुविधा के लिए पर्यटन विभाग ने ध्वनि और प्रकाश कार्यक्रम के लिए टिकट बुकिंग प्रक्रिया में अपडेट की घोषणा की है। टिकट बुकिंग विंडो अब आधी रात के बजाय सुबह नौ बजे खुलेगी। इसका उद्देश्य घरेलू और अंतरराष्ट्रीय पर्यटकों के लिए बुकिंग प्रक्रिया को अधिक सुलभ और उपयोगकर्ता के अनुकूल बनाना है।

<><><><><><><>

विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय के सहयोग से शिक्षा निदेशालय के विज्ञान विभाग ने इंस्पायर अवाड्र्स–मानक के अंतर्गत कल माध्यमिक विद्यालय, जंगलीघाट में ज़िला व राज्य स्तरीय प्रदर्शनी और परियोजना प्रतियोगिता का आयोजन किया। इसमें दक्षिण और मध्योत्तर अंडमान ज़िले से आठ चयनित प्रतिभागियों ने अपने–अपने मॉडल प्रदर्शित किए। राज्य स्तरीय समारोह में आठ छात्रों और आठ अनुरक्षक शिक्षकों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में मॉडल सीनियर सेकेण्डरी स्कूल मायाबंदर की स्वाति केरकेट्टा को पहला, सीनियर सेकेण्डरी स्कूल मंगलूटान के नील अधिकारी और पी एम श्री सीनियर सेकेण्डरी स्कूल बम्बूफ्लाट के ए. उज्ज्वल राज ने संयुक्त रूप से दूसरा स्थान तथा पी.एम. श्री सीनियर सेकेण्डरी स्कूल बम्बूफ्लाट के जे. शिजोय ने तीसरा स्थान हासिल किया।

<><><><><><><>

सड़क दुर्घटनाओं और उससे होने वाली मौतों में वृद्धि के कारण अंडमान निकोबार प्रशासन द्वारा सड़क सुरक्षा के लिए एक प्रमुख एजेंसी की स्थापना की गई है। यह एजेंसी सर्वोच्च न्यायालय की समिति के निर्देश पर बनाई गई। इस एजेंसी में श्री विजयपुरम के परिवहन, पुलिस, शिक्षा, लोक निर्माण और स्वास्थ्य विभागों के अधिकारी शामिल हैं। सड़क सुरक्षा गतिविधियों में लगे अधिकारियों के लिए केंद्रीय सड़क परिवहन संस्थान, पुणे की ओर से प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। प्रशिक्षण कार्यक्रम उद्घाटन के अवसर पर परिवहन निदेशक डॉ. जतिंदर सोहल ने सड़क सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन करने के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि श्री विजयपुरम में सड़क दुर्घटनाओं से संबंधित तीन ब्लैक स्पॉट सामने आए हैं, जो चिंता का विषय है।

<><><><><><><>

विम्बर्लीगंज के श्री राधा कृष्ण मंदिर में कल से दो फरवरी तक महा कुंभ–अभिषेकम का आयोजन किया जाएगा। पूजा का शुभारंभ कल सुबह साढ़े आठ बजे गौरी गणेश पूजा से होगा। प्रसाद वितरण की भी व्यवस्था की गई है।

<><><><><><><>